दिनांक 14.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

''वार्ड में बात महापौर के साथ भिलाई के गोठ''

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव द्वारा **वार्ड में बात महापौर के साथ भिलाई के गोठ** कार्यक्रम को लेकर दिनांक 15 से 23 दिसम्बर को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में चल रहे विकास कार्य, पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, साफ–सफाई व्यवस्था एवं शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनायें जो सीधे आम नागरिकों से संबंधित है। इन सब समस्याओं से अवगत होनें एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के अन्तर्गत स्वच्छता एप अपने मोबाईल पर डाउनलोड करने की जानकारी आम जनता को देने एवं वार्ड की अन्य समस्याओं से सीधे अवगत होते हुए उक्त समस्या का निराकरण करने हेतु निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों के बीच पहुंच कर सीधे मुलाकत करेगें।

निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव **15 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 16 कुरूद, **16 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर, **19 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 66 सेक्टर 07 पश्चिम, **20 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 42 नेवई भाटा पारा एवं वार्ड क्रमांक 43 स्टेशन मरौदा, **21 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 20 प्रगति नगर केम्प–1, वार्ड 21 सुंदर नगर केम्प–1, **22 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 06 सुपेला बाजार, **23 दिसम्बर** को वार्ड क्रमांक 53 सेक्टर 05 पूर्व एवं वार्ड क्रमांक 54 सेक्टर 05 पश्चिम में प्रातः 10:00 बजे से निमांकित वार्डो का निर्धारित दिनांक को दौरा किया जायेगा।

निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव वार्ड पार्षद के साथ **''वार्ड में बात महापौर के साथ भिलाई के गोठ''** कार्यक्रम के साथ निर्धारित वार्ड का दौरा करेंगे। एवं आम नागरिकों से प्रत्यक्ष भेंट कर नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा चलाये जा रहे शासन के विभिन्न विकासकारी योजनाए जिसका लाभ आम जनता को सीधा लाभ होगा। इसकी जानकारी देते हुए वार्ड की अन्य समस्याओं से रूबारू होगें। महापौर ने आम जनता से अपील की है, कि अपने–अपने वार्डो में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता एप को डाउनलोड कर शिकायत दर्ज करे। जिसका निराकरण निगम भिलाई द्वारा त्वरित किया जावेंगा। इस अभियान में आप लोग जुड़कर अपने नगर को प्रथम स्थान दिलाये जाने के लिए अपना योगदान देवें।

संलग्न–फोटो

जन संपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम, भिलाई

#BhilaiKiBhalai
वार्ड में बात
महापौर
के साथ
भिलाई के
गोठ
SWACCHA SWASTHYA
BHILAI